Printed Pages – 7

# AI-1417

## M. A. (Previous)
## Term End Examination, 2020-21

### HINDI

***Paper : Second***

**( आधुनिक हिन्दी काव्य )**

***Time Allowed : Three hours***

***Maximum Marks : 100***

***Minimum Pass Marks : 36***

**नोट** : *सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित है।*

1. निम्नलिखित पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए— 3×10=30

(क) मुझे फूल मत मारो।
मैं अबला बाला वियोगिनी, कुछ तो दया विचारो।





होकर मधु के मीत सदन, पटु तुम कटु गरल न गारो,
मुझे विकलता, तुम्हे विफलता, ठहरो, श्रम परिहारों।
नहीं भोगिनी यह मैं कोई, जो तुम यह जाल पसारो,
बल हो तो सिन्दुर-बिन्दु यह-यह हरनेत्र निहारो।
रूप-दर्य कन्दर्प, तुम्हे तो मेरे पति पर वारो,
लो यह मेरी चरण-धूलि उस रति के सिर पर डारो।

**अथवा**

बनो संसृति के मूल रहस्य, तुम्ही से फैलेगी वह बेल,
विश्व भर सौरभ से मर जाय सुमन के खेलो सुन्दर खेल।
और यह क्या तुम सुनते नहीं विधाता का मंगल वरदान,
शक्तिशाली हो, विजयी बनो, विश्व में गूंज रहा जय गान।

(ख) उनविंश पर जो प्रथम चरण
तेरा यह जीवन-सिन्धु-तरण
तनये ली कर दृगपात तरूण
जनक से जन्म की विदा अरूण!
गीते मेरी, तज रूप-नाम
वर लिया अमर शाश्वत विराम,

अथवा

कनक छाया में जब कि सकाल
खोलती कलिका उर के द्वार
सुरभि पीड़ित मधुपो के बाल
तड़प बन जाते हैं गुंजार,
न जाने ढुलक ओस में कौन
खींच लेता मेरे दृग मौन!

(ग) हम नदी के द्वीप है।
हम नहीं कहते की हमको छोड़कर श्रीतस्विनी बह जाए
वह हमे आकार देती है।
हमारे कोण, गलियाँ, अंतरीय, उभार, सैकत-कूल
सब गोलाइयाँ उसकी गढ़ी हैं।

अथवा

''खड़ी हो गई चौपकर कंकालों की हूक।
नभ में विपुल विराट-सी शासन की बंदूक॥
उस हिटलरी गुमान पर सभी रहे हैं मूक।
जिसमें कानी हो गई, शासन की बन्दूक॥
बढ़ी बधिरता दस गुनी, बने विनोबा मूक।
धन्य-धन्य वह, धन्य वह, शासन की बंदूक॥





**2.** हिन्दी काव्य में ''साकेत'' का स्थान निर्धारित कीजिए। 15

अथवा

''कामायनी में जीवन की प्रमुख समस्या का समाधान प्रतिष्ठित है।'' इस कथन की समीक्षा कीजिए।

**3.** सिद्ध कीजिए की ''निराला जी एक क्रान्तिकारी कवि है। उन्होंने परम्परागत काव्य परिपाटी का उल्लंघन किया है।'' 15

अथवा

पंत के काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

अथवा

नागार्जुन की काव्य-संवेदना का उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 4×5

(क) हरिऔध जी की काव्य-भाषा के विषय में आप क्या जानते हैं?

(ख) 'साकेत' की भाषा पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

(ग) महादेवी के काव्य की विशेषताएँ लिखिए। (कोई चार)

(घ) त्रिलोचन की कविता पर टिप्पणी लिखिए।

(ङ) दुष्यंत कुमार के काव्य की विशेषताएँ?

(च) हरिवंशराय 'बच्चन' की साहित्यिक परिचय दीजिए।

(छ) जयशंकर प्रसाद की भाषा पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **बीस** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 1×20

(क) 'साकेत' में किस प्रवृत्ति का चित्रण हुआ है?

(ख) 'इस शरीर की सकल शिराएँ' कविता में किस की कल्पना की गई है?

(ग) निराला का जन्म किस सन् में हुआ?

(घ) 'परिमल' किसकी रचना है?

(ङ) 'पांव और पंख' नामक कविता किसके द्वारा रचित है।

(च) 'गाँधी पंचशती' किसकी रचना है।





(छ) 'काल पुरुष' कविता किसके द्वारा रचित है?

(ज) हरिवंशराय 'बच्चन' की प्रथम कृति 'तेरा हार' किस सन् में प्रकाशित हुआ।

(झ) 'पत्रहीन गाछ' उक्त काव्य धारा किस कवि का है?

(ञ) ''पीके फूटे आज प्यारे के, पानी बरसी री'' कविता किसकी है?

(ट) ''मेघनाथ वध'' किसकी रचना है?

(ठ) हरिऔध जी का पूरा नाम क्या है?

(ड) प्रयोगवाद के जनक कौन है?

(ढ) नागार्जुन का पूरा नाम क्या है?

(ण) 'सखि, वे मुझसे कहकर जाते' कविता किस प्रकार की कविता है?

(त) 'परिमल' किसकी रचना है?

(थ) 'सतरंगिणी' किसकी रचना है?

(द) 'भग्नदूत' किसका काव्य संग्रह है?

(ध) 'तोड़ती-पत्थर' कविता में किसका चित्रण हुआ है?

(न) मैथिलीशरण गुप्त किस धारा के कवि हैं ?

(प) 'उद्धव-शतक' किसकी रचना है ?

(फ) पंत के महाकाव्य का नाम बताइए।

(ब) प्रथम तार-सप्तक का प्रकाशन कब हुआ था ?